मयंक कुमार अग्रवाल
महानिदेशक
Mayank Kumar Agrawal
Director General

सत्यमेव जयते

MASK UP INDIA
A DD NEWS INITIATIVE
दूरदर्शन समाचार
Doordarshan News

अपील

महात्मा गांधी की दृष्टि और विचार से प्रेरित "स्वच्छ भारत अभियान" वर्तमान में देश का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। आज की तारीख में यह जन-जन का अभियान है। कोविड-19 महामारी के दौर में इसका महत्व और बढ़ गया है। मैं पूरी विनम्रता के साथ यह कहना चाहूंगा कि दूरदर्शन समाचार परिवार ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रचार-प्रसार में अपनी प्रतिबद्धता और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया है और इसी कड़ी में दूरदर्शन समाचार दिनांक 16 से 31 जनवरी, 2021 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। इसलिए दूरदर्शन समाचार परिवार के प्रत्येक सदस्य की और अधिक जिम्मेदारी बन जाती है कि कार्यालय एवं समाज के स्तर पर अपने चारों ओर स्वच्छता और शुचिता को सुनिश्चित करें।

अतः मैं दूरदर्शन समाचार परिवार के सभी सदस्यों से अपील करता हूं कि अपने आस-पास गंदगी न रहने दें। कार्यालय परिसर को साफ-सुधरा बनाए रखें और साथ ही कार्यालय और अपने घरों पर भी जरूरत न पड़ने पर बिजली उपकरण जैसे, पंखे, एयर कंडीशनर, लाइटें, कंप्यूटर को बंद रखें। अपने घर से ही कचरे का प्रबंधन शुरू करें, गीले कचरे एवं सूखे कचरे का अलग से निपटान करें। वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधें लगाएं। सबसे महत्वपूर्ण कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र अपने हाथों को साबुन अथवा सेनिटाइजर से नियमित अंतराल पर साफ करें, मास्क का प्रयोग करें और दो गज दूरी का पालन करें। साथ ही अपने संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों से विनम्रतापूर्वक ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

मयंक

(मयंक कुमार अग्रवाल)

16 जनवरी, 2021

नई दिल्ली

प्रसार भारती PRASAR BHARATI
(भारत का लोक सेवा प्रसारक) (India's Public Service Broadcaster)
दूरदर्शन भवन, कॉपरनिक्स मार्ग, नई दिल्ली–110001 Doordarshan Bhawan, Copernicus Marg, New Delhi-110001
Phone : +91-11-23097601, Fax : +91-11-23097602 E-mail : dgnews2012@gmail.com, dgnews2012.ddnews@prasarbharati.gov.in
Website : ddinews.gov.in